लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी **चेतन देवड़ा,** आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या/01/2020 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः– 01.01.2020

श्री सुनील दुबे, 38, पाठों की मगरी, सेवाश्रम चौराहा के पास, उदयपुर

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, रावतभाटा

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

निर्णय

दिनांक 21.01.2020

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, रावतभाटा के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 11.11.2019 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 01/2020/(21.01)/02 दिनांक 01.01.2020 से सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, रावतभाटा को दिनांक 21.01.2020 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी सम संख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 21.01.2020 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

अपीलार्थी ने स्वयं उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपना पक्ष रखा कि सहायक लोक सूचना अधिकारी, रावतभाटा द्वारा मेरे द्वारा चाही गई सूचना का जवाब निर्धारित अवधि 30 दिवस के बाद दिया गया है जो कि मुझे दिनांक 11.01.2020 को

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

प्राप्त हुआ है तथा चाहे गए सूचना दस्तावेज का शुल्क मांगा गया है जो कि नियमों के विपरीत है। अतः निर्धारित अवधि के उपरान्त विलम्ब से जवाब भेजने तथा दस्तावेजों का शुल्क मांगे जाने के विरूद्ध मेरी अपील स्वीकार कर वांछित सूचना निः शुल्क दिलवाने का आदेश प्रदान करावें।

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, रावतभाटा ने उक्त प्रकरण में आदिनांक तक कमेन्ट्स प्रस्तुत नहीं किए।

हमने अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील, जवाब एवं उसके संलग्न अनुलग्नकों का अवलोकन कर उस पर मनन किया। जिसके अनुसार अपीलार्थी ने सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, रावतभाटा के यहां सूचना चाहने हेतु दिनांक 11.11.2019 को आवेदन प्रस्तुत किया है। अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत जवाब के संलग्न सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, रावतभाटा के पत्रांक/सू.अ./2019/664 दिनांक 18.12.2019 का अवलोकन करने पर स्पष्ट है कि उनके द्वारा उक्त पत्र के माध्यम से अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित 4 बिन्दुओं की सूचना में से 2 बिन्दुओं की सूचना उपलब्ध कराई जा चुकी है तथा दो बिन्दुओं की सूचना के संबंध में प्रतिलिपि शुल्क जमा कराने हेतु सूचित किया है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत प्रार्थी द्वारा कोई सूचना चाहने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर प्रार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना का प्रतिलिपि शुल्क जमा कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत होने की दिनांक से 30 दिवस की अवधि के भीतर सूचित किये जाने का प्रावधान है। उक्त प्रकरण में अपीलार्थी ने सूचना चाहने हेतु दिनांक 11.11.2019 को आवेदन प्रस्तुत किया है अतः आवेदन प्रस्तुत होने की दिनांक से 30 दिवस की अवधि के भीतर दिनांक 11.12.2019 तक अपीलार्थी को वांछित सूचना का प्रतिलिपि शुल्क जमा कराने हेतु सूचित किया जाना चाहिए था जो कि सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, रावतभाटा द्वारा नहीं किया है।

सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौडगढ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

प्रकरण संख्या 01/2020 (सू.अ.)
श्री सुनील दुबे निवासी सेवाश्रम चौराहे के पास, उदयपुर बनाम सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, रावतभाटा

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, रावतभाटा द्वारा अपीलार्थी को अपने पत्रांक/सू.अ./2019/64 दिनांक 18.12.2019 से निर्धारित समयावधि 30 दिवस की समाप्ति के पश्चात् प्रतिलिपि शुल्क जमा कराने हेतु सूचित किया गया है। निष्कर्षतः अपील अपीलार्थी स्वीकार की जाती है तथा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, रावतभाटा को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी को 15 दिवस में उसके द्वारा वांछित सूचना निः शुल्क उपलब्ध करा पालना से अवगत करावें।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(चेतन देवड़ा)
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्र./सरिश्ता/प्र.सं./01/2020(सू.अ.)/46 दिनांकः– 21/01/2020

प्रतिलिपिः–

1. सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, रावतभाटा
2. श्री सुनील दुबे, 38, पाठों की मगरी, सेवाश्रम चौराहा के पास, उदयपुर (राज.)

21/01/20

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

Signature Not Verified
Digitally signed by Chetan Ram Deora
Date: 2020.02.03 17:43:04 IST
Reason: SelfAttested
Location: